# सिर्फ़ हम औरतें



जीनेट केन्स, चित्र: पैट कमिंग्स



# सिर्फ़ हम औरतें



# सिर्फ़ हम औरतें

जीनेट केन्स, चित्र: पैट कमिंग्स




शनिवार की सुबह हमारे
रवाना होने का समय है.
आंटी मार्था और मैं उनकी नई कार में
उत्तरी कैरोलिना जाने वाले हैं.
आंटी मार्था कहती हैं,
"हमारे साथ में न लड़के और न ही मर्द,
सिर्फ़ हम औरतें."







हमने पिछले हफ़्ते अपनी सूची बनाई
हर रात हम उसे दोबारा जाँचते हैं.
आंटी मार्था चीज़ें भूल जाती हैं.
इसलिए मैं उनको याद दिलाती हूँ.



उन्होंने जल्दी में दो रोड मैप ले लिए.

पिछले साल वे किचन टेबल पर
नक्शे और हमारा लंच भूल गई थीं.



इस मैंने अपना लंच पैक करने के लिए
दो जूतों के डिब्बे बचाकर रखे हैं.
एक चिकन और ब्रेड के लिए
और दूसरा केक और नैपकिन के लिए.
हम अपने खाने को मोमिया कागज़ में लपेटेंगे
जैसे आंटी मार्था अपने बचपन में करती थीं.





हम सड़क किनारे के सभी बाज़ारों में रुकेंगे और अपनी पसंद का तमाम खाने की चीज़ें खरीदेंगे.






वहाँ हम से यह कोई नहीं कहेगा,

"कि हम रुक नहीं सकते, और

हमें रात के खाने से पहले ही वहाँ पहुँचना है," या फिर

"अरे नहीं! तुम फिर से क्यों रुक रहे हो!"



अगर बारिश होगी तो हम कार से उतरेंगे और पैदल चलेंगे.
हम कहेंगे कि हम बारिश में चले थे,

न्यू जर्सी या पेंसिल्वेनिया में.
पिछले साल हम डेलावेयर और मैरीलैंड में पैदल चले थे.





हम पिछली गलियों में टहलेंगे,

हम किसानों से बतियाएंगे और उनसे फल खरीदेंगे.


और अगर आड़ू पके हुए तो हम उनकी एक पेटी खरीदेंगे.

फिर हम वर्जीनिया से लेकर उत्तरी कैरोलिना तक आड़ू खा सकेंगे.





हम रुकेंगे और सभी प्रसिद्ध मूर्तियों के सामने रूककर अपनी तस्वीरें खिंचवाएँगे.




और जब हमारा चिकन खत्म हो जाएगा, तो हम किसी शानदार रेस्टोरेंट में रुकेंगे.





आंटी मार्था कहती हैं
जब मौसम गर्म और गीला होता है
तब मशरूम खाने के लिए
बिलकुल सही होते हैं,
लेकिन हमें फिर भी सावधानी से
ज़हरीले मशरूम नहीं तोड़ने चाहिए.
हम रात के खाने में मशरूम ऑमलेट खाएँगे,
कॉफ़ी और चाय के साथ.



हम दिन भर यात्रा करेंगे और रात को नाश्ता!.



जब हम पहुँचेंगे, तो सब लोग सामने वाले दरवाज़े पर हमारा इंतज़ार कर रहे होंगे और वे कहेंगे,

"तुम्हें आने में इतनी देर क्यों लगी?"



हम उन्हें बताएँगे कि
हम दोनों ने मिलकर
काफ़ी लड़कियों वाली
गपशप की.
हमारे साथ
न लड़के थे, न मर्द -
सिर्फ़ हम औरतें.